श्री चंद्रप्रभु मंदिर गंज में चौबीस तीर्थंकर महामंडल विधान संपन्न

आर्यिका विदक्षा श्रीजी के सानिध्य में हुई जिनेंद्र भक्ति, तीर्थंकरों की आराधना कर श्रद्धालुओं ने अर्पित किए अर्घ्य



आष्टा। जैन धर्म के चौबीस तीर्थंकरों की आराधना और भक्ति का पावन आयोजन चौबीस तीर्थंकर महामंडल विधान शुक्रवार को श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर गंज में आर्यिकारत्न विदक्षा श्रीजी माताजी के पावन सानिध्य में भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। अष्टान्हिका महापर्व के पश्चात आयोजित इस विधान में श्रद्धालुओं ने भगवान के अभिषेक, शांतिधारा और पूजन-अर्चना कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। वहीं जय जिनेन्द्र महिला मंडल सहित अन्य महिलाओं ने माताजी द्वारा धार्मिक गीतों पर नृत्य करते हुए भगवान की भक्ति की। विधान का आयोजन परम पूज्य राष्ट्रसंत गणाचार्य गुरुवर श्री 108 विराग सागर जी महाराज की सुशिष्या आर्यिकारत्न विदक्षा श्रीजी एवं पट्टाचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज की आज्ञानुसार किया गया। आर्यिकारत्न विदक्षा श्रीजी माताजी को नेमिनगर कॉलोनी स्थित श्री नेमिनाथ मंदिर से जुलूस के रूप में नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गंज मंदिर लाया गया। मार्ग में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से माताजी की अगवानी की। मंदिर पहुंचकर सुबह 8 बजे भगवान के अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन हुआ। माताजी के मंत्रोच्चारण के साथ समाजजनों ने भगवान का अभिषेक कर शांतिधारा की।इसके बाद चौबीस तीर्थंकर महामंडल विधान प्रारंभ हुआ। जय जिनेंद्र महिला मंडल की महिलाओं ने भक्ति भाव से नृत्य करते हुए विधान की आराधना की। ढोल-ढमाकों और भजनों की मधुर प्रस्तुतियों के बीच श्रद्धालुओं ने चौबीसों तीर्थंकरों के चरणों में अर्घ्य अर्पित किए। विधान में प्रत्येक तीर्थंकर की पूजा-अर्चना के साथ श्रीफल अर्पित कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की गई। चौबीस तीर्थंकरों की आराधना आत्मकल्याण का मार्ग -आर्यिका विदक्षा श्रीजी आर्यिकारत्न विदक्षा श्रीजी माताजी ने चौबीस तीर्थंकर महामंडल विधान का महत्व समझाते हुए कहा कि जैन धर्म के चौबीस तीर्थंकरों की आराधना हमें जीवन को सही दिशा देने की प्रेरणा देती है। तीर्थंकरों ने अपने तप, त्याग और संयम से आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। उनके जीवन से हमें सत्य, अहिंसा, करुणा, अपरिग्रह और आत्मसंयम जैसे गुणों को अपनाने की शिक्षा मिलती है। माताजी ने कहा कि भगवान की पूजा केवल बाहरी क्रियाओं तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलकर अपने आचरण को निर्मल बनाना ही सच्ची आराधना है। चौबीस तीर्थंकरों के गुणों का स्मरण कर मनुष्य अपने भीतर के विकारों को दूर करने और आत्मा को शुद्ध बनाने का प्रयास करता है। विधान में अर्घ्य अर्पित करने का भाव यही है कि हम अपने जीवन में भी तीर्थंकरों के आदर्शों को स्थान दें।उन्होंने कहा कि धर्म और भक्ति का वास्तविक फल तभी मिलता है, जब व्यक्ति अपने व्यवहार में विनम्रता, प्रेम और सदाचार को अपनाता है। तीर्थंकरों की वाणी और उनके आदर्श हमें संसार के मोह से ऊपर उठकर आत्मकल्याण की ओर बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।गंज मंदिर समिति ने बताया कि विधान के दौरान समाज के श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पूरा मंदिर परिसर जिनेंद्र भक्ति और धार्मिक जयकारों से गूंज उठा।

थार की टक्कर से बाइक सवार युवक मौके पर ही दर्दनाक मौत

भोपाल। परवलिया थाना इलाके में मुबारकपुर जोड़ पर तेज रफ्तार अज्ञात थार की टक्कर से बाइक सवार 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे में उसका बहनोई गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां शुक्रवार सुबह उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान जसपाल अहिरवार पिता हरि सिंह अहिरवार के रूप में हुई है। वह बैरसिया का रहने वाला था और भोपाल के अयोध्या बायपास स्थित एक ढाबे पर काम करता था। फिलहाल वह ढाबे में ही रह रहा था। गुरुवार को उसके एक करीबी महिला रिश्तेदार की डिलीवरी हुई थी। इसकी जानकारी मिलने पर वह अपने बहनोई विक्रम के साथ परवलिया स्थित अस्पताल में उन्हें देखने गया था। वहीं से दोनों बाइक से भोपाल लौट रहे थे। इसी दौरान मुबारकपुर जोड़ पर सामने से आ रही अज्ञात थार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिये हमीदिया अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में उपचार के दौरान शुक्रवार अलसुबह जसपाल की मौत हो गई। वहीं, विक्रम की हालत गंभीर बनी हुई है। शुक्रवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद जसपाल का शव परिजनों को सौंप दिया गया। परवलिया सड़क थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर हादसे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस टक्कर मारने वाली अज्ञात थार और उसके चालक की जानकारी जुटा रही है।

कपिलेश्वर मेले में गूंजा नशामुक्ति का संदेश, कई लोगों ने लिया व्यसन नहीं करने का संकल्प

ब्रह्माकुमारीज की प्रदर्शनी के माध्यम से श्रद्धालुओं को बताए नशे के दुष्परिणाम, संकल्प लेने वालों का किया सम्मान

सारंगपुर। नगर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कपिलेश्वर तीर्थ पर कालीसिंध नदी के तट पर आयोजित कार्तिक मेले में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, सारंगपुर द्वारा नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान विशेष प्रदर्शनी लगाकर मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं एवं आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए व्यसनमुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को बताया गया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नुकसान नहीं पहुंचाता, बल्कि पूरे परिवार की खुशियां और सामाजिक प्रतिष्ठा को भी प्रभावित करता है। नशे के कारण परिवारों में होने वाले विवाद, आपसी तनाव, आर्थिक नुकसान और सामाजिक बुराइयों को चित्रों एवं संदेशों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया।

अभियान के दौरान ब्रह्माकुमारीज की ओर से नशामुक्ति से संबंधित पुस्तकें



एवं पेम्पलेट वितरित किए गए। साथ ही लोगों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने और अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रदर्शनी से प्रभावित होकर कई लोगों ने जीवनभर किसी भी प्रकार का नशा एवं व्यसन नहीं करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संकल्प लेने वाले लोगों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं ने ब्रह्माकुमारीज की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों के माध्यम से सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता फैलाना सराहनीय प्रयास है। इससे लोगों को आत्मचिंतन करने और अपनी जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा मिलती है। ब्रह्माकुमारीज द्वारा आध्यात्मिक जागृति, नैतिक मूल्यों, पारिवारिक सद्भाव और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए किए जा रहे प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश दे रहे हैं। संस्था का यह अभियान स्वस्थ, सुखी और संस्कारवान समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

महिदपुर-घोंसला मार्ग पर तीन बाइकों की भीषण टक्कर, एक सवार गंभीर घायल

गति अवरोधक न होने से ग्रामीणों में आक्रोश

महिदपुर। महिदपुर से घोंसला मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। ग्राम भीमाखेड़ा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास तीन बाइक आपस में टकरा गई। इस हादसे में एक बाइक सवार के सिर में गंभीर चोट आई है।



हादसे के बाद मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने महज 4 से 5 मिनट में घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को तुरंत महिदपुर शासकीय अस्पताल पहुंचाया,जहां उसका उपचार जारी है।वहीं,इस घटना के बाद ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि यहां गति अवरोधक न होने के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। महिदपुर-घोंसला मार्ग पर ग्राम भीमाखेड़ा के पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास उस वक्त अफरा-तफरी मच गई,जब तीन बाइक आपस में भिड़ गई।टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीन में से एक बाइक सवार के सिर में गंभीर चोट आ गई। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 तत्काल मौके पर पहुंच गई। टीम ने घायल युवक को महिदपुर के शासकीय अस्पताल पहुंचाया। सड़क सुरक्षा को लेकर भी बड़ा सवाल भी खड़ा हो गया है।अब देखना यह होगा कि ग्रामीणों की इस मांग के बाद प्रशासन और संबंधित विभाग कब तक यहां ब्रेकर लगवाते हैं,ताकि आगे ऐसे हादसों को रोका जा सके।

वैशाली नगर में पानी के 9 सहित शहर में 135 नमूनों की जांच, सभी मौके पर शुद्ध पाए गए

भोपाल। शहर में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम द्वारा जल नमूनों के संग्रहण और परीक्षण का अभियान लगातार चलाया जा रहा है। शुक्रवार को निगम की टीम ने वैशाली नगर से 9 और शहर के अन्य क्षेत्रों से 126 नमूने लेकर मौके पर ही भौतिक परीक्षण किया। सभी नमूने जांच में शुद्ध पाए गए। इन्हें विस्तृत जांच के लिए निगम की आठ प्रयोगशालाओं में भेजा गया है।

निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर जलकार्य विभाग की टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल की जांच की। वैशाली नगर में अब तक कुल 161 नमूनों का परीक्षण किया जा चुका है। वहीं शहर के अन्य क्षेत्रों में अब तक 35 हजार 373 जल नमूने एकत्र कर जांच की गई है।

निगम के अनुसार, शुक्रवार को 16 स्थानों पर पाइपलाइन लीकेज सुधारे गए और सीएम हेल्पलाइन एवं महापौर हेल्पलाइन सहित अन्य माध्यमों से मिली 10 शिकायतों का निराकरण किया गया। अब तक शहर में 8,438 लीकेज सुधारे जा चुके हैं तथा 26,991 स्थानों पर सीवेज चेंबर की सफाई कराई गई है। वहीं पेयजल संबंधी कुल 1,170 शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है। निगम ने जलापूर्ति की निगरानी और पानी की नियमित जांच जारी रखने की बात कही है।

शादी में शामिल होने गये परिवार के घर में घुस गये चोर

भोपाल। गौतम नगर के नारियल खेड़ा स्थित जनता क्वार्टर कॉलोनी में परेश सिंह ठाकुर के घर को बदमाशो ने अपना निशाना बना डाला। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह 21 नवंबर की रात परिवार के साथ जबलपुर में शादी में शामिल होने गए थे। 25 नवंबर की सुबह लौटे तो घर और अलमारी के ताले टूटे मिले। चोर चांदी की तीन जोड़ी पायल, बच्चों के चांदी के कड़े, छह अंगूठियां, पांच चांदी के कड़े, पांच जोड़ी बिछिया और 15 से 20 हजार रुपए नकद ले गए। जाँच के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी का सुराग जुटाने के प्रयास शुरू कर दिये है।

सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थी करेंगें राज्य युवा उत्सव में सहभागिता "नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत" नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन

आष्टा। नगर के सांदीपनि (सी.एम. राइज़) शासकीय उमाविआष्टा के विद्यार्थियों ने संभाग स्तरीय युवा उत्सव भोपाल में सहभागिता कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अब ये विद्यार्थी राज्य युवा उत्सव में सहभागिता करेंगें। नुक्कड़ नाटक की थीम ''नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत'' थी।



सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य सितवत खान ने बताया कि राष्ट्रीय युवा उत्सव का उद्देश्य भारत की युवा शक्ति, प्रतिभा, ऊर्जा और रचनात्मकता को पहचानना और उसे राष्ट्र निर्माण से जोड़ना है। इससे युवाओं में नेतृत्व क्षमता, राष्ट्रीय एकता, सामाजिक दायित्व और देशभक्ति की भावना विकसित होती है। नुक्कड़ नाटक में किरण वर्मा, आशा मेवाड़ा, निकिता मेवाड़ा, लक्ष्मी मेवाड़ा, कुमकुम मेवाड़ा, शिवानी मेवाड़ा, तन्नू चैहान, प्रतिज्ञा ठाकुर, बसकन्या मालवीय और जिकरा अली शामिल थी। इसी प्रकार कविता लेखन में दिव्या वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक का उद्देश्य जन सामान्य तक सामाजिक संदेश जागरूकता और शिक्षा पहुंचाना है। समाज में नशा एक अभिशाप है और यह युवाओं को बहुत तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रहा है। नुक्कड़ नाटक में प्रतिभागियों की अभिनय कलां की दर्शकों और अधिकारियों ने प्रशंसा करी और कहा कि इससे समाज में सकारात्मक संदेश जाएंगा। शिक्षक डी.एस. मांडवा, सतीश वर्मा, आशा रावत, खेहलता पाल, दीपिका दास और स्वाति राठौर ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया था। युवा उत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यार्थियों को सम्मानित कर पुरूस्कृत किया गया। विद्यार्थियों की उपलब्धि पर असमा खानम, अंत्येष धारवां, सम्राट ढोके, भूपेन्द्र सिंह, जितेन्द्र मेवाड़े, पदमा परमार, नवीन मौर्य, अभिलाषा श्रीवादी, मनोज कर्मोदिया, निर्मलदास बैरागी, धीरज शर्मा, विरेन्द्र सिंह, जसपाल सिंह, सपना मेवाड़ा, कृतिका वर्मा, नीता जैन, नीतू चैरसिया, रामेश्वर दामड़िया, विजय हाटेकर, जितेन्द्र वर्मा, हेमंत मेवाड़ा, दिनेश गहरवाल, राजेश मालवीय, राजीव सारसिया, मनोज बड़ोदिया, संतोष कुमार, गौरीशंकर मालवीय, वंदना सोलंकी, कासिम खान, राजीव सारसिया, संजय जैन, श्वेता पांडेय, मुकुंद सिंह बरोड़िया, एस.के. सिंगारिया, राजेश राठौर आदि ने बधाई दी। मो. सितवत खान

नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना से छूटे 26 गांवों को शामिल करने विधायक ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांग पत्र

भैरूंदा आगमन पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से की मुलाकात, गांवों की सूची भी सौंपी

आष्टा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को सीहोर जिले के भैरूंदा में 536.23 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सीप-अंबर माइक्रो सिंचाई परियोजना के फेज-1 एवं फेज-2 के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे।



इस दौरान विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने मंच पर मुख्यमंत्री से भेंट कर आष्टा विधानसभा क्षेत्र के नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना से छूटे 26 गांवों को परियोजना में शामिल करने की मांग की। विधायक इंजीनियर ने मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपते हुए बताया कि आष्टा विधान सभा क्षेत्र के 26 गांव नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना में शामिल होने से छूट गए हैं। इन गांवों को परियोजना से जोड़ने की आवश्यकता है, ताकि क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिल सके।विधायक ने मांग पत्र के साथ छूटे हुए सभी 26 गांवों के नामों की सूची भी मुख्यमंत्री को सौंपी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधायक की मांग को ध्यान पूर्वक सुना और इस संबंध में उचित कार्यवाही का भरोसा दिया।विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री के सकारात्मक आश्वासन से आष्टा विधान सभा क्षेत्र के छूटे हुए गांवों को नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना में शामिल करने की दिशा में पहल होगी।

शासकीय महाविद्यालय सोयत कला में मनाया गया भारतीय संविधान दिवस



सोयत कला (अनिल बैरागी)। शासकीय महाविद्यालय सोयत कला में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार सोनी द्वारा माँ सरस्वती एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी श्री धीरज कुमार शर्मा ने प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी विद्यार्थियों को दी तथा प्रकोष्ठ के उद्देश्यों एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. विक्रम कुमार मालवीय उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के मौलिक अधिकारों, संविधान की प्रमुख विशेषताओं एवं नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। साथ ही संविधान के प्रति जागरूकता एवं नागरिक कर्तव्यों के महत्व को भी समझाया। इस अवसर पर उपस्थित प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया तथा संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समता एवं बंधुता के मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा किया गया तथा अंत में आभार प्रदर्शन श्री मोहित राठौर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

बाल विवाह रोकने के लिए पंचायत स्तर पर तय होगी जवाबदेही: प्रह्लाद पटेल

जीरापुर। मध्य प्रदेश को बाल विवाह मुक्त बनाने के संकल्प के साथ राजगढ़ जिले के जीरापुर में 'बाल, कम उम्र और जबरन विवाह के उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस' के अवसर पर विशाल जनसभा का आयोजन किया गया।





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल की अगुआई में हजारों लोगों ने बाल विवाह को जड़ से खत्म करने की शपथ ली। इस अवसर पर पटेल ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए पंचायत स्तर पर जवाबदेही तय करने की घोषणा की। कार्यक्रम में बाल विवाह रोकथाम जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बाल विवाह के खिलाफ सामूहिक प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए आसमान में बड़ी संख्या में गुब्बारे भी छोड़े गए। इस मौके पर अपना बाल विवाह रुकवाकर पढ़ाई जारी रखने वाली सात बेटियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए जमीनी स्तर पर काम करने वाले देश के सबसे बड़े नागरिक समाज नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) ने संयुक्त रूप से किया।इस अवसर पर प्रदेश में 'नई चेतना 5.0' जेंडर अभियान का राज्य स्तरीय शुभारंभ भी किया गया। इस वर्ष अभियान की थीम 'पहुंच से सशक्तिकरण की ओर: विकसित भारत के लिए आजीविका एवं समान अवसरों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण' है। 25 नवंबर से 23 दिसंबर 2026 तक संचालित होने वाले इस चार सप्ताह के अभियान का उद्देश्य महिलाओं को केवल सेवाओं और अवसरों तक पहुंच उपलब्ध कराने तक सीमित न रखते हुए उनकी आर्थिक पहचान, आजीविका में योगदान, अधिकारों एवं निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी को सशक्त बनाना है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं को आर्थिक योगदानकर्ता के रूप में पहचान एवं मान्यता प्रदान करने, भूमि एवं संपत्ति पर अधिकार, ऋण एवं बैंकिंग सुविधाओं तथा डिजिटल वित्तीय सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने, सुरक्षित सार्वजनिक स्थान एवं आवागमन सुनिश्चित करने तथा अवैतनिक देखभाल कार्यों से जुड़े लैंगिक भेदभाव को चुनौती देने पर विशेष जोर दिया जाएगा। इस अवसर पर जेंडर वर्णमाला पुस्तक और अभियान के साप्ताहिक गतिविधि कैलेंडर का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम में खिचलीपुर के विधायक हजारी लाल दांगी, राज्यमंत्री गौतम टेटवाल और राजगढ़ के सांसद रोडमल नागर ने भी हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में अपना बाल विवाह रुकवाकर पढ़ाई जारी रखने वाली सुनीता सोलंकी और निकिता ने अपने अनुभव साझा किए। सुनीता ने अपना बाल विवाह अमान्य कराने के संघर्ष और बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने की जरूरत पर बात रखी। वहीं, निकिता ने बताया कि किस तरह उसने अपना बाल विवाह रुकवाया और अपनी पढ़ाई जारी रखी। इन दोनों के साहस और संघर्ष को सम्मान देते हुए पांच अन्य बेटियों धापू, निशा, खुशी तंवर, खुशी वर्मा और माया लववंशी के साथ उन्हें भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा, बाल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम के लिए लोक अधिकार केंद्र, विकासखंड राजगढ़ और लोक अधिकार केंद्र, विकासखंड खिलचीपुर को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।